JAIN EDUCATION AND RESEARCH FOUNDATION

17397 SW 36th St
Miramar, FL 33029
T 786-546-2637
info@jaineducation.org

www.jaineducation.org

२५ अक्तूबर, २०१०
पूज्य गुरुदेव महाश्रमण
तेरापंथ सेक्रेट्रिएट
सरदारशहर (चूरु)
राजस्थान ३३१४०३ ।

पूज्य गुरुदेव के चरणो में कोटि कोटि सादर वन्दन ।।

आचार्यवर ! पूज्य गुरुदेव महाप्रज्ञ की दूरदर्शिता और आपके मार्गदर्शन से अमेरिका के जैन समाज ने एक इतिहास रचा है । लगभग पाँच वर्ष पूर्व, गुरुदेव महाप्रज्ञ की आज्ञा से समणी चरित्रप्रज्ञा और उन्नतप्रज्ञा ने फ्लोरिडा इन्टरनेशनल युनिवर्सिटी में जैन धर्म से संबंधित विषयों पर विश्वविद्यालय स्तर के पाठ्यक्रम की अपूर्व शुरुआत की थी । पाँच वर्ष पहले बोया हुआ यह बीज, आज भरपूर वृक्ष बनकर लहलहा रहा है और यहां के विद्यार्थियों को अहिंसा, अनेकान्त और अपरिग्रह जैसे अमूल्य फल दे रहा है । वर्तमान में आपने समणी चैतन्यप्रज्ञा को इस कार्य में नियोजित किया है ।

गुरुदेव, इस वर्ष अप्रेल के महीने में फ्लोरिडा का वातावरण कुछ अलग ही था । अप्रेल १६, २०१० को हमारी संस्था, जैन एजुकेशन एवम् रिसर्च फाउन्डेशन, ने फ्लोरिडा अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के धार्मिक अध्ययन विभाग में विश्व की प्रथम "भगवान महावीर प्रोफेसरशिप ऑफ जैन स्टडीज़" की आधारशिला रखी । यह हमारा सौभाग्य था कि इस अवसर पर गुरुदेव महाप्रज्ञ ने स्वयं अपने आशीर्वचन हमें प्रेषित किये । हमारी इस योजना को आगे बढाने में समणीजी की सतत नियुक्ति आपकी विशिष्ट कृपा का परिणाम है ।

जैन एजुकेशन एन्ड रिसर्च फाउन्डेशन एक अन्तर्राष्ट्रीय संस्थान है, जिसका मूल लक्ष्य है - जैन दर्शन को विश्व की शैक्षणिक मुख्यधारा से जोड्ना । इस प्रोफेसरशिप के तहत यहां अनेक कार्यक्रम ज़ारी हैं । इस योजना में आपके सतत मार्गदर्शन व प्रोत्साहन के लिये हम, बोर्ड ऑफ डाइरेक्टर्स, आपके प्रति असीम कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं ।

भविष्य में भी हमें आपका निर्देशन इसी तरह मिलता रहेगा और हम इस कार्य को और आगे बढा पायेंगे, इसी आशा के साथ,

समस्त बोर्ड ऑफ डाइरेक्टरर्स,
जैन एजुकेशन एन्ड रिसर्च फाउन्डेशन,
मायामी, फ्लोरिडा,
संयुक्त राज्य अमेरिका ।

Signed by the Board of Directors

Dr. Dipak Jain (डॉ. दीपक जैन)
(Chair of the Board)

Mr. Shashi Jain (श्री शशि जैन)

Mr. Kamlesh Shah (श्री कमलेश शाह)

Mr. Sapan Bafna (श्री सपन बाफना)

Mr. Bipin Shah (श्री बिपिन शाह)

Dr. Nirmal Baid (डॉ. निर्मल बैद)

Mr. Ramesh Parmar
(श्री रमेश परमार)

Dr. Kirti Jain (डॉ. कीर्ति जैन)

Mr. Prem Jain (श्री प्रेम जैन)

Dr. Neptune Srimal
(डॉ. नेप्च्यून श्रीमाल)